## सार-समाचार

### हरियाली तीज पर वृक्षारोपण कार्यक्रम



**पाटन** (निसं)। हरियाली तीज के पावन उपलक्ष में पंचायत समिति पाटन परिसर में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। इस पर्यावरणीय पहल की अध्यक्षता सुवालाल सैनी, प्रधान पंचायत समिति पाटन द्वारा की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशिबाला, विकास अधिकारी पंचायत समिति पाटन ने सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण किया और उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पाटन के सरपंच मनोज चौधरी, पूर्व प्रधान कांत प्रसाद शर्मा, पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप यादव, नौरंग लाल भारद्वाज, इरफान खान, कृष्ण कुमार, रामगोपाल,पंकज योगी, सुलोचना बाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जिनमें छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं आम नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और इस दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

### 'बीदासर की भूमि वीर भूमि है'

**बीदासर** (निसं)। थान सुथान भवन में आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या व समाधी केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी मंजूयशा के सान्निध्य में तप अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस तपस्या में 55 भाई बहिनों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर केंद्र व्यवस्थापिका मंजूयशा ने कहा कि बीदासर की भूमि वीर भूमि है, पतो भूमि है। यहां के कण कण में शौर्य भरा हुआ है, साहस भरा हुआ है। यह मघवागणी की जन्म भूमि है। इसे तपो भूमि भी कहते है। इस तपस्या में तेरापथ सभा, महिला मंडल, युवक परिषद, कन्या मंडल, अणुव्रत समिति, ज्ञानशाला आदि के वृद्ध से लेकर बच्चों तक सभी ने भाग लेकर इस पचरंगी तप को सफल बनाया है। शासन श्री साध्वी अमितप्रभा ने कहा कि हमारी आत्मा में अनंत शक्ति है, अनंत आनंद है, अनंत ऊर्जा है, परन्तु उसे जागृत करने की अपेक्षा है। इस अवसर पर साध्वी वीरप्रभा, तेयुप के अध्यक्ष पारस बैद, नवदीप बैंगानी, चिराग बैगानी, महिला मंडल की मंत्री सीमा दुगड, भावना दुगड, महावीर बैद, साध्वी विमलप्रभा ने गीत, मुक्तक, कविता व भाषण के माध्यम से अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। तेरापथ सभा के अध्यक्ष सम्पत मल बैद ने सभी तपसवीयों के प्रति हार्दिक मंगल कामना एवं तप अनुमोदना की। इस अवसर पर सभी तपसवीयों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वी मानप्रभा के मंगल गीत से हुआ। कार्यक्रम का संचालन साध्वी चिन्मयप्रभा ने किया।

### स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**सीकर,** (निसं)। केंद्रीय आवास और शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज स्मृति वन सीकर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके साथ यूआईटी सचिव जगदीश प्रसाद गौड़, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, सहायक अभियंता नागरमल, यूआईटी और नगर परिषद के कर्मचारी, सफाईकर्मी भी मौजूद रहे। केंद्रीय आवास और शहरी विकास राज्यमंत्री साहू ने स्वयं झाड़ू लगाई, कचरा उठाया, घास को समेटा और प्लास्टिक की बोतलें ट्रैक्टर-ट्रॉली में डालकर 'स्वच्छ सीकर' का संदेश दिया। राज्य मंत्री साहू ने स्मृति वन का दौरा भी किया उन्होंने कहा की स्वच्छता सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, नागरिक कर्तव्य है, आइए मिलकर शहर को स्वच्छ व हरित बनाएं। इस दौरान उन्होंने सीकर नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। सभागार और मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र का दौरा किया, जहाँ महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे थैले, बैग, पर्स आदि की सराहना की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में राजस्थान सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा की महिलाओं को अवसर देकर समाज को सशक्त बनाना ही असली विकास है।

### पौधारोपण किया

**सीकर** (निसं)। सचिव नगर विकास न्यास सीकर जगदीश प्रसाद गौड़ ने बताया कि हरियालों राजस्थान मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत नगर विकास न्यास सीकर द्वारा रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर कुल 2500 पौधे लगाये गये। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के समीप लगभग 1450 पौधे लगाये गये एवं न्यास क्षेत्राधिकार में रिंग रोड, योजनाओं एवं विभिन्न अन्य सड़कों के किनारे 1050 पौधे लगाये गये। इस दौरान मौके पर ही लगाये गये पौधों के तारबंदी, फेंसिंग एवं ट्री-गार्ड लगाकर पौधो की जियोटेगिंग की गई। इन सभी पौधे के रख-रखाव की व्यवस्था न्यास द्वारा 3 वर्ष तक स्वयं के स्तर पर की जायेगी। कार्यकम दौरान अधिशाषी अभियंता रघुनाथ प्रसाद सैनी एवं न्यास अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

### वार्षिक महोत्सव आज

**चूरू** (निसं)। स्थानीय पुरानी सड़क स्थित मक्खन राम पितरजी महाराज का 172 वां दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को होगा। मंदिर कमेटी के जोधराज सोनी ने बताया कि 172 वें वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भानी नाथ आश्रम के महंत देवनाथ महाराज, विद्यानाथ महाराज व तारानगर के बाल योगी गंगानाथ महाराज सहित स्थानीय गायकार अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस दौरान भव्य अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र होंगे। सोनी ने बताया कि सोमवार को पितर जी महाराज की महा आरती कर प्रसाद वितरित किया जाएगा और 29 जुलाई मंगलवार को आरती के साथ पितर जी की धोक लगाई जाएगी।

### मुक्तिधाम में पेड़-पौधे लगाए

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ तहसील के ग्राम पाबूसर में राजस्थान सरकार द्वारा चलाए गए अभियान हरियालो राजस्थान के तहत आज रविवार को हरियाली तीज के उपलक्ष में सरपंच उषा कंवर व ग्राम विकास अधिकारी हिम्मत सिंह के नेतृत्व में मुक्तिधाम 51 पेड पौधे लगाए। ग्राम विकास अधिकारी सिंह ने कहा हरियाली तीज जैसे पारंपरिक त्यौहारों को प्रकृति से जोड़ना हमारे सांस्कृतिक बोध का प्रमाण है। बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक हरा भरा भविष्य भी सुनिश्चित कर रहे हैं। सरपंच ऊषा कंवर ने कहा कि हर व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि गोपालसिंह, उत्तमसिंह, मांगीलाल, ओम, रामनिवास,नंदलाल, सीताराम, रामलाल आदि गांववासियों ने पेड़-पौधे लगाने में भरपूर सहयोग दिया।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं) नरोदड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति में शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रशासक महेंद्र ख्यालिया,पंचायत समिति सदस्य अमृत ख्यालिया, नरोदड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सारण, दिपेंद्र सारण , सहकारी समिति नरोदडा के पूर्व अध्यक्ष भागिरथ ख्यालिया, प्रबंधक सहकारी समिति नरोदडा लालाराम ख्यालिया, रिटायर्ड अध्यापक जीताराम भूकर व सहायक प्रबंधक सहकारी समिति नरोदडा शिवचरण ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर उपस्थित जनों ने एक-एक पेड़ लगाने व सार संभाल करने का संकल्प लिया।

### अभियान के तहत पौधारोपण

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्काउट गाइड मैदान में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। अभियान के झुंझुनूं शहर मंडल संयोजक रवि गुप्ता बिरमीवाला के संयोजन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, आरएसएस के क्षेत्र संघ चालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा, प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक राजेंद्र भांबू, राजकुमार मोरवाल, पार्षद प्रमोद बुडानिया आदि ने पौधारोपण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया।

# हमारे सामाजिक सरोकारों का प्रकृति व पर्यावरण के प्रति अनूठा जुड़ाव : राठौड़

**चूरू** (निसं)। हरियाली तीज के अवसर पर ग्राम जसरासर में रविवार को माताजी की बणी में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड, चूरू विधायक हरलाल सहारण सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड ने हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे सामाजिक सरोकारों का प्रकृति व पर्यावरण से अनूठा जुड़ाव है। हमारी संस्कृति, परंपराएं व विरासत हमें प्रकृति की ओर आकर्षित करती है। इन्हीं परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार का हरियालो राजस्थान अभियान प्रदेश को हरित राजस्थान बनाने की अवधारणा को साकार कर रहा है।



**पूर्व मंत्री राठौड़ व विधायक सहारण ने जसरासर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल प्रकृति को हरा-भरा बनाने का प्रयास नहीं है, यह हमारे भविष्य को सुरक्षित रखने का माध्यम है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का यह जन आंदोलन आने वाली पीढियों को शुद्ध वायु, जल और हरियाली की सौगात देगा।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि हरियालो राजस्थान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए एक हरा-भरा राजस्थान देने की दूरगाामी सोच है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लें। इस दौरान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, चंद्राराम गुरी, एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, बीडीओ महेन्द्र भार्गव ने भी हरियालो राजस्थान अभियान की जानकारी देते हुए अधिकाधिक पेड लगाने का आव्हान किया।

इस दौरान आगंतुक अतिथियों ने वृक्षारोपण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सुल्तान सिंह, योगेंद्र सिंह सहित ग्रामीण युवाओं व महिलाओं को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 1500 पौधे लगाए गए। इस दौरान गंगाराम कडवासरा, करणी सिंह राठौड़, चेतराम, पदम सिंह राठौड़, उम्मेद सिंह राठौड, मगाराम, बजरंग सिंह चौहान, गिरधारी लाल शर्मा, शिव सिंह चौहान, विक्रांत सिंह राठौड़, सुल्तान सिंह राठौड़, गिरधारी सिंह राठौड, प्रहलाद सिंह राठौड, कल्याण सिंह राठौड सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

## वन महोत्सव पर कलेक्टर सुराणा ने पौधारोपण किया

**तारानगर** (निसं)। 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' के तहत हरियाली तीज पर तारानगर के नेचर पार्क में उपखंड स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार, भाजपा नेता राकेश जांगिड सहित वन विभाग की टीम ने जापानी मियावाकी पद्दित से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फोरेस्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्रसिँह ने बताया कि पार्क में 16 सौ वर्ग मीटर में विभिन्न प्रकार के 41 सौ पौधे लगाये गए हैं। फोरेस्टर सुनील कुमार ने कलेक्टर सुराणा को बताया कि बिना लेबर के पार्क की दुर्दशा होती जा रही हैं तो कलेक्टर सुराणा ने बीडीओ अशोक कुमार को तुरंत मनरेगा की लेबर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुराणा ने वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। शिक्षक नेता वीर बहादुर सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## टीबी मरीजों को पोषण सहायता देने हेतु पोषण किट वितरित

**सीकर,** (निसं)। अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न स्वास्थ्य संगठन जिसमें प्रमुख रूप से अरिष्दा ने आगे आकर नि:क्षय मित्र बनकर जिले के टीबी मरीजों को पोषण सहायता देने हेतु सहमति प्रदान कर पोषण किट वितरित किए ।

आज से जिले में अभियान चला कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मिलकर नि:क्षय मित्र बन पोषण किट वितरित करेंगे अभियान आज 27 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा जिसमें सभी विभागीय कर्मचारी एवं चिकित्सा विभाग के सभी संगठन मिलकर इस कार्य को करेंगे । आज से यह अभियान ब्लॉक स्तर पर एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाया जाएगा जिसमें सभी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नि:क्षय मित्र बनकर टीबी के मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की जाएगी। अभियान का आगाज आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक महरिया ने नि:क्षय मित्र बन मरिजों को नि:क्षय पोषण किट वितरित किए। कारियो के संगठन अरिष्दा ने निक्षय मित्र बनकर 125 मरिजों को पोषण सहायता प्रदान करेंगे।

डॉ. महरिया ने जिले के अन्य संगठनों से भी आवाह्न किया है कि वे भी इस अभियान का हिस्सा बन अधिक से अधिक मरीजों कि उपचार में मदद करे। जिला स्तर पर हुए कार्यक्रम में आज जिला क्षय निवारण केन्द्र पर प्रभारी टीबी क्लिनिक डॉ सुरेश लाम्बा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र नागा,पीएमडीटी कॉर्डिनेटर नेमीचंद भंवरिया, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अश्विनी पारीक, टीबी एच वी राहुल माथुर, प्रवीण महला, अजीत चंदेलिया, अकाउंटेंट सचिन माथुर, यूडीसी राजकुमार अटल, एलडीसी महिपाल सिंह, एल टी विनोद कुमार, कविता, रामप्रकाश, एवं गजानंद आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# इंद्रपुरा नर्सरी परिसर में पौधारोपण

**उदयपुरवाटी** (निसं)। मुख्यमंत्री पौधरोपण महा अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर रविवार को इंद्रपुरा नर्सरी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी सुमन सोनल ने पौधरोपण किया और हरियालो राजस्थान मुहिम को आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं द्वारा सावन मास के गीत गाकर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही उपखंड अधिकारी का स्वागत किया। महिलाओ द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान को पूरा करते हुए एक-एक पेड़ भी लगाए गए। क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मवीर सिंह मील के नेतृत्व में हुए वन महोत्सव कार्यक्रम में रंगोली सजाई गई। उपखंड अधिकारी ने पौधों के महत्व के बारे में बताते हुए शुद्ध हवा के लिए इस ऋतु में अधिक से अधिक पेड लगाने की बात कही। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने वन महोत्सव का महत्व बताया और ऐप डाउनलोड कर के इस मुहिम से सभी से जुड़े क्योंकि प्रकृति से जुड़ाव करने का यह एक अभिनव प्रयोग है। कार्यक्रम के दौरान माइनिंग के एसएमई रमेश कुमार, आयुर्वेद ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमावत,वन विभाग के कर्मचारियों में मनीष कुमार मनोज ख़रबास,शंभू सिंह,सरोज देवी, सुरेश, पूनम,महावीर भाकर, रघुवीर सिंह सहित काफी संख्या में पुरुष व महिला उपस्थित रहे।



**इंद्रपुरा नर्सरी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी सुमन सोनल ने पौधरोपण किया और हरियालो राजस्थान मुहिम को आगे बढ़ाया।**

# 'पौधे हमारे जीवन का मूल आधार'




**चुरू में 76 वां वन महोत्सव समारोहपूर्वक मनाया।**

**चूरू** (निसं)। तारानगर रोड स्थित नगर वन बी में 76वां वन महोत्सव रविवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपवन संरक्षक वीरेंद्र सिंह कृष्णिया थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक वन संरक्षक महेंद्र लेखला ने की।

क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि वन महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को रतननगर स्थित ग्रीन लंग्स पार्क में प्रभारी मंत्री द्वारा पौधा रोपण से किया गया। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनको सुरक्षित रखने और उनकी देखभाल की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि अब जो पौधे लगाए उनकी सुरक्षा हम स्वयं करेंगे।

- 'एकमात्र पौधे ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन और शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपवन संरक्षक वीरेंद्र सिंह कृष्णिया ने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन का मूल आधार है। पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। अत: हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर इस दूषित पर्यावरण से मुक्त होना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में लोग पौधे लगाने की बजाय उसकी कटाई पर अत्यधिक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चारों ओर दूषित पर्यावरण प्रदूषण और खान-पान हमारे शरीर के लिये घातक बनते जा रहे हैं। इसमें एकमात्र पौधे ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन और शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपचंद यादव, सहायक वनपाल समुद्र सिंह, कृष्णा साहू, जोगेंद्र सिंह, वन संरक्षक गजेंद्र सिंह, बाबू खान, मुस्ताक खान, निरंजन, पर्यावरण प्रेमी सोहनलाल सैनी, बेगराज सहित स्काउट गाइड के विद्यार्थी और शहर वासी मौजूद थे।

## पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक के सेवानिवृत होने पर विदाई दी

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर पशु चिकित्सालय में लंबे समय से सेवा देने वाले एवं कुछ दिन पहले चूरू पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक के पद पर प्रमोशन होने वाले डॉक्टर हीरालाल सोनी की सेवानिवृत्ति 31 जुलाई को चूरू से होगी इससे पूर्व श्री राजलदेसर गौशाला में बाजोरिया सत्संग हॉल में डॉक्टर हीरालाल सोनी का कस्बे की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से नागरिक अभिनंदन रखा गया।

- राजलदेसर कस्बे की दर्जनों सामाजिक संस्थाओं ने किया अभिनंदन
- सेवानिवृत्ति पर अनूठी पहल 6 गौशालाओं को चेक वितरित किए

कार्यक्रम की अध्यक्षता सावित्री देवी के सानिध्य में रखा गया जिसमें मंचस्थ अतिथि गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर सुनील मेहरा, पशु चिकित्सा अधिकारी सहेला डॉक्टर सुनील तंबोली, बाबूलाल पांडे, ओमप्रकाश जोड़ा, महिला कार्य समिति अध्यक्ष पुष्पा शर्मा, मंजू सोनी, सीनियर अकाउंटेड सेल्स टैक्स रमाकांत महर्षि, डॉ मुकनी कुमारी भरपालसर, चूरू गौशाला के रमाकांत शर्मा आदि अतिथियों के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने डॉ हीरालाल सोनी के द्वारा राजलदेसर कस्बे में गौ सेवा एवं पशु चिकित्सालय में साथ ही जीव जंतु आदि की जिस तरह से सेवा की है उसकी विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर चूरू के रमाकांत शर्मा ने डॉक्टर हीरालाल जी के कार्यकाल के प्रशंसा की समाज सेवी ओमप्रकाश सोनी ने भी हीरालाल सोनी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला इस अवसर पर राजलदेसर कस्बे के समाजसेवी पवन झेंडू, खेमचंद बरड़िया, भुवनेश्वर शर्मा , मुकेश श्रीमाल, रतनलाल बारूपाल , पूनम चंद्र गर्ग, मनोज मारू, भजनलाल पारीक, रोहित मारू पूर्व सरपंच हेमाराम जाट, सीताराम पारीक आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राजलदेसर कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला, व्यापार मंडल, राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति, केमिस्ट एसोसिएशन, राजलदेसर युवा विकास समिति, यूनियन क्लब, तेरापंथ युवक परिषद, हनुमान सेवा समिति, दस्सुसर गौशाला, बंडवा गौशाला, भरपालसर गौशाला करणी गौशाला, राजलदेसर जलदाय विभाग आदि की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन किया गया जिसमें अभिनंदन पत्र साफा, शॉल गौ माता का प्रतीक चिन्ह, श्रीफल भेंट करके उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर डॉक्टर हीरालाल सोनी ने कहा कि आप लोगों ने जो यह मान सम्मान दिया है इसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है मैंने मेरे जीवन के अंदर राजलदेसर कस्बे के अंदर जो आपके आशीर्वाद से सेवा दी है आगे भी मैं राजलदेसर कस्बे में निस्वार्थ भाव से गौशालाओं में सेवा देता रहूंगा साथ ही उनकी माताजी सावित्री देवी धर्मपत्नी गोकुलचंद कुलथिया के द्वारा ने अपने पुत्र के सेवानिवृत होने पर कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला व नाथनगर गौशाला में 21-21 हजार की राशि के चेक दिए गए इसके अलावा 11-11 हजार के चार चेक , पायली भरपालसर, सिमसिया, दस्सुसर की गौशाला संचालकों को चेक भेंट किए जिस पर सभी उनके इस ऐतिहासिक कार्य की प्रशंसा की एवं भविष्य में भी अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। जीव -जंतु गौ सेवा के लिए 24 घण्टे तत्त्पर रहूंगा। इस अवसर पर अभिनंदन पत्र का वाचन वीरेंद्र लाटा ने किया। इस मौके पर गौशाला के कार्यक्रम का संचालन मंत्री ललित दाधीच के द्वारा किया गया।

इस मौके पर गौशाला के पवन स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष परमेश्वर फोगला, मंगलचंद दाधीच, हनुमान सोनी, मोहनलाल घण्टेलवाल, मांगीलाल प्रजापत, भगवान दास स्वामी, तेजाराम सांखला, राकेश शर्मा, कैलाश सोनी, विनोद भाटिया, शंकर खडोलिया, पवन प्रजापत , शेफाली सोनी, गौरव सोनी, राधेश्याम ,संतोष सोनी, यशोदा सोनी, विष्णु स्वामी सहित अनेकों सदस्य गण एवं कस्बे के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शाही लवाजमे के साथ तीज की सवारी निकली

**सीकर** (निसं)। आकर्षक बैंड वाद को की धार्मिक धुननृत्य करते ऊंट घोड़ेशहर में तीज की सवारी रविवार को शाही लवाजमे के साथ निकली। सांस्कृतिक मंडल सीकर के संयुक्त मंत्री जानकी प्रसाद इंदौरिया ने बताया कि तीज की सवारी शाम को 5.30 बजे श्री रघुनाथजी मंदिर से रवाना हुई जो सुभाष चौक, नानी गेट, सालासर बस स्टैंड से होकर नेहरू पार्क पहुंची यहां विशेष तीज माता का जनप्रतिनिधियों गणमान्य जनों ने अधिकारियों ने पूजन किया।

उन्होंने बताया कि वापसी में तीज की सवारी मुख्य मार्गों से होकर श्री रघुनाथजी का मंदिर पहुँची। इंदौरिया ने बताया कि पहली बार तीज की सवारी के दौरान सालासर बस स्टैंड पर जेसीबी से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ये कार्यक्रम सालासर बस स्टैंड स्थित पुरानी नगर परिषद के सामने हुआ। तीज की शाही सवारी को लेकर नगर परिषद सहित प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी के साथ रहे। इधर, हरियाली तीज के पहले दिन शनिवार को सिंजारा पर्व उत्साह के साथ मनाया वहीं जहां तक बात करें कानून व्यवस्था की यहां पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। वहीं छोटे तालाब पर आकर्षक झूले सभी का मनमोह रहे थे महिलाओं ने यहां पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया वह झूला भी झूला इस दौरान बडी संख्या में जनप्रतिनिधि गणमान्य जन मौजूद रहे ऐसा कहा जाता है कि इस तीज पर्व केसाथ ही त्योहारों का आगमन शुरू हो जाता है जबकि गणगौर के साथ ही त्यौहार बंद हो जाते हैं।



**सीकर में आकर्षक बैंड वादकों की धार्मिक धुननृत्य करते ऊंट घोड़ेशहर में तीज की सवारी निकली।**

## 'एक पेड़ मां के नाम' पौधे लगाए

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय चूणा चौक स्थित पार्क में चूणा चौक विकास समिति के तत्वावधान में भाजपा के पौधारोपण अभियान के मंडल संयोजक रवि गुप्ता बिरमीवाला के संयोजन में हरियाली तीज के पर्व पर पौधारोपण किया गया। चूणा चौक विकास समिति अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित ने बताया कि पार्क में प्रात:काल योग करने वाली मातृ शक्ति और विकास समिति के सदस्यों ने मंडल संयोजक रवि गुप्ता बिरमीवाला के नेतृत्व में गुडल, चमेली, चांदनी, गुलाब, पारिजात, मोगरा, अशोक, जामुन के 20 पौधे लगाए। इस अवसर पर मंडल संयोजक रवि गुप्ता बिरमीवाला, समिति अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित, दिवाकर शर्मा, मूलसिंह किशनवात, श्यामसुंदर तुलस्यान, नरेश पुरोहित ने एक एक वृक्ष मां के नाम लगा कर उसकी देखभाल का संकल्प लिया।